हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 7 अगस्त 2025

07 शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरतने ...



08 पूरा गांव कीचड़ में तब्दील, स्कूल भी जर्जर...





## मार्टिनेट स्कूल में हुआ विद्यार्थी कैबिनेट का पदारोहण और शपथ ग्रहण समारोह

# सीनियर हेड बॉय रणवीर और सीनियर हेड गर्ल बनी नियति तिवारी, बनी कैबिनेट टीम

छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर मां सरस्वती का आव्हान किया।



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर के अलीपुर क्षेत्र में स्थित मार्टिनेट कान्वेन्ट हायर सेकेण्डरी स्कूल में विगत दिनो सीनियर और जूनियर विद्यार्थी केबिनेट का गठन किया गया। जिनका पदारोहण व शपथ ग्रहण समारोह विद्यालय प्रांगण में नगर के एसडीओपी आकाश अमलकर, विद्यालय के डायरेक्टर नोशे खान के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। विद्यालय के संगीत के छात्र-छात्राओं द्वारा समधुर सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर मां सरस्वती का आव्हान किया गया तथा उन्हीं के द्वारा अतिथियों के अभिनंदन में सस्वर स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इसके बाद चुने गये सीनियर हेड बॉय रणवीर ठाकुर एवं सीनियर हेड गर्ल नियति तिवारी तथा जूनियर हेड बॉय मुकुल बागवान एवं जूनियर हेड गर्ल दीक्षा बामनिया के नेतृत्व में उनकी चुनी गई। केबिनेट टीम के सदस्य मार्च पास्ट करते हुये मंच पर पहुंचे। जहां अतिथियों द्वारा उनके पद का बेज लगाकर उन्हें पदभार ग्रहण करवाया। सीनियर केबिनेट में डिस्पिलिन मिनिस्टर शिवानी चौरसिया, स्पोर्ट्स मिनिस्टर राजदीप ठाकुर, एजुकेशन मिनिस्टर निधि सांवरिया, क्लीनीनेस मिनिस्टर अनामिका मालवीय, असेम्बली मिनिस्टर निहारिका ठाकुर, कल्चरल मिनिस्टर दिव्यांशी विश्वकर्मा का चयन हुआ। इसी प्रकार जूनियर केबिनेट में डिस्पिलिन मिनिस्टर कृतिका मेवाड़ा, स्पोर्ट्स मिनिस्टर नैतिक मेवाड़ा,



एजुकेशन मिनिस्टर जकिरा शेख, क्लीनीनेस मिनिस्टर रिद्धिमा खत्री, असेम्बली मिनिस्टर प्राची मालवीय, कल्चरल मिनिस्टर अनुराधा मेवाड़ा का चयन हुआ। केबिनेट का मार्गदर्शन करते हुये एसडीओपी आकाश अमलकर नें कहा कि इस प्रकार के केबिनेट के गठन से बच्चो में नेतृत्व क्षमता का विकास होता है जो बहुत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हमें कर्मवादी बनना है भाग्यवादी नहीं क्योंकि भाग्य एक बार साथ दे सकता है लेकिन अच्छा कर्म सदैव साथ देता है। चुने गए विद्यार्थियों को संबोधित करते हुये विद्यालय के प्रबंधक विनीत कुमार त्रिवेदी नें कहा कि आज हमारा विद्यालय जिस मुकाम पर पहुंचा है। वह लगातार 25 वर्षो के अथक परिश्रम का परिणाम हैं और आगें भी हम अलीपुर क्षेत्र को दृष्टिगत रखतें हुये यहां की शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिये लगातार कार्य करते रहेगें। आयोजन का सफल संचालन अतुल जैन सुराणा द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रबंधक विनीत कुमार त्रिवेदी, प्राचार्या प्रीति त्रिवेदी सहित एकेडमिक इंचार्ज अतुल जैन सुराणा, शिखा तिवारी, वित्तीय प्रभारी रेखा शर्मा, कम्प्यूटर इंचार्ज कुशल भूतिया, जुनेद अंसारी के साथ विद्यालय की सोनिका परमार, ललिता नामदेव, सोनिका सोनी, रागिनी नामदेव, रानू गुर्जर, सविता ठाकुर, सोनू सिसोदिया, रीना जावारिया, किरण मंडलोई, वैष्णवी बैरागी, संजना मीणा, साक्षी अजनोदिया, शर्मिला जायसवाल, उमा मेवाड़ा अनहा शेख, रागिनी मेवाड़ा, मुस्कान वर्मा, सरिता ठाकुर, सुल्ताना अली, रचना ठाकुर, तमन्ना वर्मा, सोनू भूतिया, सलोनी बिल्लौरे, प्रियंका ठाकुर, शुभी जैन, ममता ठाकुर, उर्मिला जायसवाल, सिमरन प्रजापति, सुष्मिता कालेलकर, ज्योति सिसोदिया, अंकिता राठौर, जी डी बैरागी, पंकज ठाकुर, मनीष चौरसिया, कृष्णपाल ठाकुर, अशोक महेश्वरी, हेमंत पांडे, अंश अड़गले सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं की उपस्थिति रही।

## खबर संक्षेप

### श्रीराम और श्रीकृष्ण का मनाया जन्मोत्सव

**सीहोर।** भागवत कथा का श्रवण करने से हमारे पापों का अंत होता है, भागवत वही अमर कथा है, जिसे भगवान शिव ने माता पार्वती को सुनाया था। कथा सुनना भी सबके भाग्य में नहीं होता है, जब भगवान भोलेनाथ से माता पार्वती ने अमर कथा सुनाने की प्रार्थना की तो बाबा भोलेनाथ ने कहा कि जाओ पहले यह देखकर आओ की कैलाश पर तुम्हारे या मेरे अलावा कोई और तो नहीं है। क्योंकि, यह कथा सबके नसीब में नहीं होती है। माता ने पूरे कैलाश पर नजर दौड़ाई, लेकिन उनकी नजर शुक के अपरिपक्व अंडों पर नहीं पड़ी। उक्त विचार शहर के बस स्टैंड के समीपस्थ जारी सात दिवसीय भागवत कथा के चौथे दिन कथा वाचक पंडित चेतन उपाध्याय ने कहे। मंगलवार को आस्था और उत्साह के साथ भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया। इस मौके पर श्रद्धालुओं ने भगवान के जयकारें लगाए। उन्होंने कहाकि भगवान शंकर ने पार्वती को जो अमर कथा सुनाई वह भागवत कथा ही थी। लेकिन, कथा के बीच ही माता पार्वती को नींद आ गई और शुक ने पूरी कथा सुन ली। दूसरे दिन भागवत कथा में अमर कथा व शुकदेव के जन्म का वृतांत विस्तार से सुनाया। पूर्व जन्मों के पाप का ही प्रभाव होता है कि कथा बीच में छूट जाती है। भगवान की कथा मन से नहीं सुनने से जीवन में धार्मिकता नहीं आ पाती। कथा सुनने से चित्त पिघलता है और पिघला चित ही भगवान को अपने में बसा सकता है। श्री शुक देव द्वारा चुपके से अमर कथा सुन लेने के कारण जब भोले बाबा शंकर ने उन्हें मारने के लिए दौड़ाया तो वह एक ब्राह्मणी के गर्भ में छुप गए। कई वर्षों बाद व्यास के निवेदन पर भगवान शंकर इस पुत्र के ज्ञानवान होने का वरदान देकर चले गए।

### कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित

**सीहोर।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने नागरिकों से चर्चा कर उनकी समस्याएं जानी और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिलेभर से आए 51 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। जिला मुख्यालय के साथ ही जनपद कार्यालयों एवं ग्राम पंचायतों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में अधिकांश आवेदन भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, आपसी विवाद, मेढ.-रास्ता विवाद, बीपीएल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, गन लाइसेंस, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता, मुआवजा से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत, आनंद सिंह राजावत, एसडीएम तन्मय वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। अधिकारियों ने समस्याओं के आवेदन लिए।

### अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस ट्रेड यूनियन 7262 ने आयुक्त नगरीय प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

**सीहोर।** अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस ट्रेड यूनियन के जिलाध्यक्ष छुट्टन चावरिया के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमण्डल भोपाल पहुंच आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास संचालनालय को एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें मांग की गई कि नगर पालिका सफाई कर्मचारियों को माह की 1 से 5 तारिख तक अनिवार्य रूप से वेतन भुगतान किया जावे ताकि आगामी रक्षा बन्धन त्योहार सभी सफाई कर्मचारी उत्साह के साथ मना सके। साथ ही उनके द्वारा लिये गये ऋण की समय पर किस्त जमा हो सके जिससे कि उन पर अतिरिक्त पेनाल्टी ना लगे और ना ही उनकी सिविल खराब हो।छुट्टन चावरिया ने बताया कि शासन द्वारा जो चुंगी क्षतिपुर्ती राशि आती है, जिससे वेतन बाँटा जाता वह 20 से 25 तारिख तक आती है और वह भी काट कर भेजी जाती, जिसके कारण वेतन भुगतान समय पर नही हो पाता है। समय पर भुगतना नहीं मिलने से कर्मचारियों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है, जिससे कर्मचारियों को परेशानी होती है।सभी सफाई कर्मचारियों को माह की 1 से 5 तारिख तक अनिवार्य रूप से हर माह वेतन भुगतान किया जावे। इस अवसर पर उपस्थित जनों में प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष छुट्टन चावरिय, राजू सांगते पहलवान, अनिल खरे, राजेश गोसर, राकेश बंजारे आदि उपस्थित रहे।

# किसानों की समस्याओं को लेकर किसान संघ ने बैठक में की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



मंगलवार को राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ कि जिले की बैठक कृषि उपज मेंडी कार्यालय में संपन्न हुई। मजदूर महासंघ की बैठक में किसानों का पिछले साल का सोयाबीन बीमा और अभ्यास वर्ग, किसान की समस्या, बिजली समस्या, मूंग खरीदी, यूरिया डीएपी सहित कई विषयों पर चर्चा हुई। बैठक में प्रदेश मंत्री बाबूलाल पाटीदार, प्रांतीय उपाध्यक्ष विक्रम सिंह पटेल, जिला अध्यक्ष कचरू परमार, जिला मंत्री धर्म सिंह भेसानिया, जिला उपाध्यक्ष देवकरण परमार, जिला उपाध्यक्ष राजमल परमार, जिला संरक्षक कन्हैयालाल मास्टर, मांगीलाल मास्टर, विकास खंड अध्यक्ष नारायण सिंह ठाकुर इछावर, विकासखंड अध्यक्ष अरविंद ठाकुर आष्टा, जिला कोषाध्यक्ष बाबूलाल पटेल, विकास खंड संयोजक शिवनारायण वर्मा, विकास खंड मंत्री कैलाश वर्मा और शैलेंद्र सिंह, पुरुषोत्तम के साथ अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# खपत से अधिक रीडिंग देने वाले मीटरों के विरोध में लाड़ली बहनों ने दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर जिले के बिलकिसगंज विद्युत वितरण केंद्र पर दर्जनों गांव की लाड़ली बहनों ने रैली निकाल कर विद्युत वितरण केंद्र का घेराव कर बिजली मीटर के विरुद्ध धरना दिया। विद्युत मंडल ऑफिस में ग्राम बिलकिसगंज से लगे ग्राम रामाखेड़ी, हीरापुर, कुलांसकला, बरखेड़ी, चंदेरी, रलाओती, उलझावन, पिपलिया मीरा, खेड़ली की महिलाओं ने आज अपने-अपने घरों से निकलकर पैदल चलते हुए रैली के रूप में बिलकिसगंज विद्युत मंडल ऑफिस पहुंची और अपने हाथों में तख्तियां लिए हुए लाड़ली बहनों ने भारी भरकम बिल देने वाले बिजली के मीटर बंद करने की आवाज उठाई। महिलाओं का कहना है कि पहले पुराने बिजली मीटर से 100 रूपये से लेकर 500 रूपये तक एक माह का बिल आता था, परन्तु अब जो नये बिजली मीटर लगाये गये हैं वह 5000 रूपये से लेकर 10000 रूपये तक अन्नाप-सन्नाप रिडिंग बना रहे हैं।

इन भारी भरकम बिलों का भुगतान कर-करके हम बर्बाद हो रहे हैं। लाड़ली बहनों को सरकार द्वारा जो 1250 रुपए दिये जा रहे थे वह लाडली बहनों के मिलते हैं वह सब यह लाडले बिजली मीटर में चले जाते हैं। हम परेशान है दुखी हैं हमारे घरों पर यह लाडले मीटर ना लगाया जाए और जिन लाडली बहनों के



घर यह मीटर लग गया है वह मीटर निकाले जाए। ग्रामीण लाडली बहनों ने यह भी मांग रखी कि अभी हमें गरीब 150 यूनिट बिजली पर सब्सिडी मिलती है अब हमें 300 यूनिट बिजली की सब्सिडी मध्यप्रदेश सरकार द्वारा दी जावे और हम लाडली बहने देश के हमारे प्रधानमंत्री मोदी जी और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी एवं हमारे क्षेत्र के सांसद केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान भैया से यह मांग कर रहे हैं कि हम लाडली बहने बहुत दुखी और परेशान है, रक्षाबंधन मनाएं या लाडले मीटर का हजारों का बिल चढ़ाएं। हमें जो आपने 1250 रूपये दिए हैं लाडली बहनों को वह सभी लाडले बिजली मीटर में जा रहे हैं। 1:00 बजे से चली लाडली बहनों की रैली 2 घंटे पूरे क्षेत्र में होते हुए विद्युत मंडल ऑफिस पहुंचकर घेराव किया और धरने पर बैठ गई।

विद्युत मंडल के अधिकारी श्री राम पाली को पीएम सीएम और केंद्रीय मंत्री के नाम का ज्ञापन देकर लाडली बहनों ने उनके घर पर लगाए जा रहे बिजली के लाडले स्मार्ट मीटर को हटाने की मांग की गई इस मौके पर सैकड़ो महिला से भी अधिक थी। विद्युत मंडल में लाडली बहनों ने उनके घर पर लगाए जा रहे बिजली के लाडले मीटर को बंद करने एवं उनके घर से जो लग चुके उनको निकाल के पुराने मीटर लगाने की मांग की।

## मुख्य सचिव के नाम राजस्व अधिकारियों के न्यायिक और गैर न्यायिक कर्मचारियों ने दिया ज्ञापन

# दो वर्गों में विभाजन को लेकर किया विरोध, कर्मचारियों का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

राजस्व अधिकारियों के न्यायिक और गैर न्यायिक दो वर्गों में विभाजन के संदर्भ में जिले के राजस्व अधिकारियों द्वारा विरोध प्रदर्शन कर प्रदेश के मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन जिला कलेक्टर आगर के माध्यम से दिया गया। राजस्व अधिकारियों द्वारा प्रदेश के मुख्य सचिव के नाम प्रेषित ज्ञापन में बताया गया कि संवर्ग का न्यायिक और गैर न्यायिक विभाजन के संदर्भ में पूर्व में प्रदेश के मुख्य सचिव द्वारा जारी किए हुए निर्देशों एवं उनके क्रियान्वयन से संपूर्ण संवर्ग हतोत्साहित है। वहीं इस संबंध में जिला इकाई द्वारा पूर्व में एक ज्ञापन 17 जुलाई 25 के द्वारा प्रांतीय कार्यकारिणी ने इस विभाजन योजना से उत्पन्न होने वाली संरचनात्मक विधिक ओर व्यावहारिक समस्याओं से अवगत करवाया गया था। इस पर प्रदेश के मुख्य सचिव द्वारा मध्य प्रदेश राजस्व अधिकारी (कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा) संघ को मौखिक आश्वासन पर बताया गया था कि आगामी तीन माह तक यह योजना पायलट प्रोजेक्ट के रूप में मात्र 12 जिलों में ही




लागू की जाएगी। राजस्व न्यायालय को मर्ज नहीं किया जाएगा एवं गैर न्यायिक (कार्यपालिक मजिस्ट्रेट) को आवश्यक संसाधन प्रदान किए जाएंगे। इस पर संवर्ग ने अपना विरोध पत्र 20 जुलाई के जरिए स्थगित कर दिया गया था। ज्ञापन बताया गया कि आश्वासन की विपरीत विभाजन यहां योजना अन्य नौ जिलों धार, भिंड, खरगोन, बालाघाट, मंदसौर, देवास, कटनी, मंडला, रीवा मैं कलेक्टर द्वारा लागू की गई। राजस्व न्यायालयों को मर्ज किया गया। मुख्य सचिव द्वारा दिए गए निर्देशों के विपरीत और विचलन मैं विभाजन दिया गया। गैर न्यायिक राजस्व अधिकारियों को आवश्यक न्यूनतम स्टाफ और संसाधन उपलब्ध नहीं कराए गए। जिससे व्यथित होकर संवर्ग के द्वारा प्रदेश के राजस्व मंत्री को गत 26 जुलाई को दिए गए ज्ञापन के जरिए उक्त संरचनात्मक विधिक और व्यावहारिक समस्याओं से अवगत कराया गया था। जिस पर राजस्व मंत्री द्वारा संवर्ग के द्वारा उठाए गए समस्त बिंदुओं पर सहमति व्यक्त करते हुए त्वरित कार्यवाही का आश्वासन दिया गया था। किंतु उस पर भी आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

# सांदीपनि स्कूल के प्राचार्य को हटाने दिया धरना

## हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ता कर रहे प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

बीते दिनों शहर के सांदीपनि विद्यालय में बच्चों के बीच हुआ विवाद इतना गहरागया कि मामले ने तुल पकड़ सांप्रदायिक रूप ले लिया , ओर जहां दोनों समुदाय के लोग अपनी अपनी मांगों को लेकर थाने पहुंच गए, वही हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ता आज भी स्कूल में हुए घटना क्रम को लेकर प्राचार्य सीतवत खान को ही जिम्मेदार बता रहे हे। इस के चलते स्कूल से हटाने की मांग कर रहे हे।

मंच के कार्यकर्ताओं का सीधा आरोप हे कि हमें दो दिवसीय जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया गया था, लेकिन भारी विरोध एवं अनियमितता पाए जाने के बाद भी आज दिनांक तक सांदीपनि स्कूल के प्राचार्य सीतवत खान स्कूल में जमे हुए हे, ऐसे में हिन्दू जागरण मंच का कहना हे कि सीतवत खान को स्थानीय विधायक का आशीर्वाद प्राप्त हे, इसी लिए कोई कार्यवाही नहीं हो रही है।

बस इसी आरोप को लेकर हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ता स्थानीय विधायक कार्यालय पर सुबह से धरने पर बैठ गए हैं, विधायक गोपाल सिंह इंजिनियर ओर प्राचार्य सीतवत खान के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए प्राचार्य सीतवत खान को हटाने की मांग कर रहे हैं।

# नगर के वार्डों में किया जा रहा दवा का छिड़काव



हरिभूमि न्यूज ⏭ बुधनी

नगर परिषद द्वारा अध्यक्ष सुनीता अर्जुन मालवीय और सीएमओ संतोष रघुवंशी के निर्देश पर क्षेत्र के सभी वार्डों में कीटनाशक दवा का छिड़काव करवाया जा रहा है। जिससे बीमारियों को पनपने से रोका जा सके। बारिश के मौसम में जल भराव के कारण मक्खी, मच्छर तेजी से रिहायशी इलाकों में पहुंच जाते हैं। जिससे बिमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इसके लिए नगर परिषद द्वारा कीटनाशक दवा का छिड़काव करवाया जा रहा है। मंगलवार को वार्ड 02, 03, 04, 06, 07, 08, 09, 11, 12, और वार्ड क्रमांक 15 जर्रापुर जमुनिया में कीटनाशक दवा का छिड़काव कराया गया। सहायक स्वच्छता निरीक्षक शैलेंद्र चौहान ने बताया कि बचे हुए वार्डों में भी दवा का छिड़काव करवाया जा रहा है।

# नकबजनी करने वाले पांच बदमाश गिरफ्तार

## नगदी सहित 24 लाख का माल बरामद



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

पुलिस ने इछावर थाना क्षेत्र में हुई सात नकबजनी और एक एटीएम चोरी के प्रयास की वारदातों का खुलासा मंगलवार को कर दिया है। पुलिस ने तीन मुख्य आरोपियों सहित कुल पांच लोगों को गिरफ्तार किया है।

आरोपियों से 24 लाख रुपए का सामान और चोरी में इस्तेमाल की गई दो बाइक जब्त की गई हैं। दो जून से एक अगस्त के बीच इछावर थाना क्षेत्र में कुल सात नकबजनी की घटनाएं दर्ज की गईं थीं। इन घटनाओं में अज्ञात आरोपियों ने रात के समय घरों के ताले तोड़कर सोने-चांदी के गहने और नकदी चुराई थी।

### सुनारों को बेचते थे

सीहोर के पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला ने तत्काल कार्रवाई के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत और थाना प्रभारी इछावर निरीक्षक पंकज वाडेकर के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठित की। तकनीकी साक्ष्य और मुखबिर की सूचना के आधार पर संदिग्धों की पहचान की गई। पुलिस ने अंकुर वर्मा, गोलू उर्फ अभिषेक वर्मा और नीरज वर्मा को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने अन्य घटनाओं में भी चोरी करना स्वीकार किया। आरोपियों ने बताया कि वे चोरी का माल इछावर के दो सुनारों पियूष उर्फ गब्बर सोनी और सुमित सोनी को बेचते थे। पुलिस ने इन दोनों सुनारों को भी गिरफ्तार कर लिया है।

### चौबीस लाख का सामान बरामद

जब्त किए गए सामान में लगभग 12 तोला सोना, 2.50 किलोग्राम चांदी और नौ लाख पांच हजार रुपए नकदी शामिल है। कुल बरामद सामान की कीमत चौबीस लाख पांच हजार रुपए है। इसके अलावा दो बाइक, हथौड़ा और एटीएम तोड़ने में इस्तेमाल की गई लोहे की टामी भी जब्त की गई है। आरोपियों ने 21 जनवरी को इछावर में स्थित एक्सिस बैंक के एटीएम को तोड़ने का प्रयास भी किया था। इस मामले में भी उनकी गिरफ्तारी की गई है। पुलिस के अनुसार, इस गिरोह के तीन अन्य आरोपी अभी फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है।

## खबर संक्षेप

### नारायण क्रीड़ा मंडल के सचिन विक्रम अवार्ड से सम्मानित



**देवास।** विश्वामित्र अवार्डी सुदेश सांगते ने बताया कि खो-खो वर्ल्ड चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक विजेता स्टार खिलाडी सचिन भार्गो को मध्यप्रदेश शासन द्वारा रविन्द्र भवन भोपाल में आयोजित समारोह में 5 अगस्त को प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव तथा विश्वास सारंग खेल एवं युवा कल्याण विभाग मंत्री मध्यप्रदेश शासन द्वारा खेल शिखर अंलकरण पुरूस्कार विक्रम अवार्ड 2023-24 से सम्मानित किया गया। कोच प्रवीण सांगते एवं देवास के अन्य खो-खो के राष्ट्रीय खिलाडी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। अवार्ड मिलने पर महेन्द्र सिंह सोलंकी सांसद देवास-शाजापुर लोक सभा, भाजपा जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव, विकास प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष राजेश यादव, खेल गुरू राधेश्याम सोलंकी, कोच प्रवीण सांगते, हेमेन्द्र निगम, मनीष जायसवाल, विपुल चौहान, तरूण परमार, गौरव कदम आदि ने शुभकामाना दी।

### कार्यक्रमों को लेकर आयोजित हुई बैठक

**देवास।** भारतीय जनता पार्टी के आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों को लेकर भाजपा जिला कार्यालय में श्री सद्गुरु शीलनाथ मंडल की कामकाजी बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य तिरंगा यात्रा, कुशाभाऊ ठाकरे जयंती तथा विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस जैसे महत्वपूर्ण आयोजनों के लिए रणनीति बनाना और मंडल स्तर पर जिम्मेदारियां तय करना रहा।

### जिला पुलिस कंट्रोल रूम में हुई जुलाई के अपराध पर समीक्षा बैठक

# जवान आधुनिक तकनीकी का ज्यादा से ज्यादा करे पुलिसिंग में प्रयोगः भसीन

### डीआईजी भसीन के द्वारा आगामी त्यौहारों के संबंध मे दिए गए आवश्यक दिशा निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




जुलाई माह की अपराध समीक्षा बैठक जिला पुलिस कन्ट्रोल रूम में बुधवार को आयोजित हुई। बैठक में पुलिस उप महानिरीक्षक नवनीत भसीन ने एक घण्टे के विशेष सत्र के दौरान एसपी एवं जिले के समस्त आला अधिकारीयो को संबोधित किया। बैठक में जुलाई माह में प्रदर्शन के आधार पर थानों की रैंकिंग जारी की गई। प्रथम स्थान प्राप्त करने पर थाना प्रभारी बागली निरीक्षक प्रदीप राय को पुरस्कृत किया गया। प्रथम अनुभाग के रूप में अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) बागली सृष्टि भार्गव को पुरस्कृत किया गया। जुलाई माह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर प्रधान आरक्षक शिवप्रताप सिंह सेंगर एवं राहुल जायसवाल को देवास पुलिस का सर्वश्रेष्ठ पुलिसकर्मी पुरस्कार दिया गया।

आयोजित हुई बैठक के दौरान अपराध,चालान, मर्ग,स्थाई वारंट,समन, सीएम हेल्पलाइन सीसीटीएनएस, राहत प्रकरण, यातायात दुर्घटनाए, सम्पत्ति संबंधी,जनसुनवाई,चरित्र सत्यापन, पासपोर्ट सत्यापन, सायबर फ्रॉड, जिलाबदर, एचएस-गुण्डा, सजायाबी, ऑपरेशन त्रिनेत्रम, फाइनल बाउण्ड ओवर, 122, 122 निर्णय, जमानत निरस्तीकरण कुल 25 पैरामीटरो की समीक्षा की गई । समीक्षा के दौरान माह जुलाई में प्रदर्शन के आधार पर थानों की रैंकिंग जारी की गई। पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद द्वारा आज बुधवार को पुलिस कंट्रोल रूम में अपराध समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया । बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सौम्या जैन,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) हरनारायण बाथम,समस्त एसडीओपी,समस्त थाना/चौकी के प्रभारी एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय की शाखाओं के प्रभारी मौजूद रहे । अपराध समीक्षा बैठक में समस्त थानों का 25 पैरामीटर के आधार पर आंकलन किया गया। सायबर शाखा में पदस्थ प्रधान आरक्षक शिवप्रताप सिंह सेंगर के द्वारा ऑपरेशन सायबर के तहत सायबर फ्रॉड की 1688 शिकायतो में गई रुपए 5,61,91,607/- की राशि में से 1,10,02,533/- की राशि को होल्ड कराया जाकर न्यायलय से 150 आदेश प्राप्त कर 1,01,91,350/- की राशि पुनः आवेदको के खातों में लौटाई गई एवं ओ.एम. शाखा में कार्यरत प्रआर राहुल जायसवाल द्वारा ₹आपरेशन पवित्र₹ के तहत फायनल बाउंड ओवर उल्लंघन करने वाले कुल 234 आरोपियो का धारा 141 बीएनएस में न्यायालय से 50 निर्णय में 9,00,000/-रुपये व 21 जेल वारंट प्राप्त करने तथा माननीय न्यायालय से जमानत प्राप्त द्वारा पुनः अपराध करने पर कुल 181 प्रकरणों में से कुल 10 आरोपियों की न्यायालय से जमानत निरस्तीकरण की कार्यवाही में उल्लेखनीय कार्य किया गया ।





बैठक के अंत में पुलिस अधीक्षक द्वारा अच्छा कार्य करने वाले पुलिस अधिकारी/ कर्मचारियों की प्रशंसा की गई एवं कार्य को इसी प्रकार और अधिक गुणवत्ता के साथ एवं समयावधि में करने हेतु प्रेरित कर अपराध समीक्षा बैठक का समापन किया।

# नशे में धुत शरारती तत्वों ने 20 वाहनों में तोड़फोड़ कर किए थे क्षतिग्रस्त

### पुलिस ने अपराधियों का निकाला जुलूस



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

मंगलवार रात शहर के निमाडनग़र, त्रिलोक नगर, गोपाल नगर और ईटावा क्षेत्रों में मंगलवार रात को असामाजिक तत्वों ने जमकर उत्पात मचाया। बताया जा रहा है कि शराब के नशे में धुत कुछ युवकों ने सडक़ों पर खड़े दोपहिया और चारपहिया वाहनों को लाठी-डंडों और हॉकी स्टिक से निशाना बनाया। इस दौरान करीब 20 से अधिक वाहनों के शीशे तोड़ दिए गए, जिससे स्थानीय निवासियों में भारी दहशत का माहौल बन गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दो गाडिय़ों में सवार उपद्रवियों ने सडक़ों पर खड़े वाहनों को चुन-चुन कर नुकसान पहुंचाया।

उनके हाथों में लाठियां, डंडे और हॉकी स्टिक थीं। शरारती तत्वों ने न केवल गाडिय़ों के कांच फोड़े, बल्कि कुछ घरों पर पत्थरबाजी भी की और राह चलते लोगों के साथ मारपीट की। घटना रात करीब 10 बजे के बाद की बताई जा रही है। वारदात के बाद बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक सिविल लाइन थाने पहुंचे और आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की।

नगर के पीडित लोगों ने आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाते हुए अवैध वसूली, तोडफ़ोड़ और जान से मारने की धमकी जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए देर रात कुछ संदिग्धों को हिरासत में लिया। फरियादी गौतम मालवीय, निवासी निमाडनग़र ईटावा की शिकायत पर पुलिस ने मनोज उर्फ गोलू, प्रेम, गौरी, शुभम रघुवंशी, शुभम सूर्यवंशी और बबलू चावल निवासी देवास के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है। फिलहाल पुलिस हिरासत में लिए गए युवकों से पूछताछ कर रही है। बुधवार शाम को थाना सिविल लाइन पुलिस ने उसी क्षेत्र में अपराधियों का जुलूस निकाला।पुलिस ने आश्वासन दिया है कि दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### खाटू श्याम निशान यात्रा में थिरके श्याम भक्त, जयकारों से गूंज उठा मार्ग

**देवास।** श्री राधा कृष्ण मंदिर चाणक्यपुरी से एकादशी के पावन अवसर पर मंगलवार को बाबा खाटू श्याम की भव्य निशान यात्रा का आयोजन किया गया। प्रातः 10 बजे मंदिर में विधिवत रूप से निशानों की पूजा-अर्चना के साथ यात्रा की शुरुआत हुई। यात्रा राधा कृष्ण मंदिर से प्रारंभ होकर कैलादेवी मंदिर जवाहर नगर होते हुए अमृत नगर स्थित खाटू श्याम मंदिर पहुँची, जहाँ श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम को निशान अर्पित किए और महाआरती के साथ दर्शन-पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। यात्रा मार्ग में जगह-जगह श्याम भक्तों द्वारा स्वागत किया गया, शंखध्वनि, ढोल-नगाड़ों और भजन-कीर्तन के साथ पूरा वातावरण भक्ति रस में डूबा रहा। श्रद्धालु पूरे रास्ते श्याम नाम की जय हो, खाटू वाले की जय के जयकारों के साथ झूमते नजर आए। शंकर सिंह राजपूत ने बताया कि यह निशान यात्रा का प्रथम वर्ष है, जिसे भक्तों ने अत्यंत श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया।



### अध्यक्ष बनने पर यादव का हुआ स्वागत

**बागली।** नगर पंचायत बागली अध्यक्ष प्रतिनिधि कमल यादव को नगर पालिका परिषद संघ का प्रदेश अध्यक्ष संघ बनने पर नगर में जगह-जगह स्वागत किया गया। इस दौरान नगरवासियों सहित न्यायालय परिसर में अभिभाषक संघ व्दारा भी स्वागत किया। इसी अवसर पर इंदौर प्रेस क्लब के सदस्यों व्दारा भी बागली आगमन पर नगर पंचायत परिसर में अभिनंदन समारोह आयोजित कर अध्यक्ष कमल यादव का स्वागत किया गया। इस दौरान जे सी यादव,प्रविण चौधरी,गगन शिवहरे, मनोज कानूनगो सहित इन्दौर प्रेस क्लब के सभी सदस्य भी उपस्थित रहे।



# नगर निगम स्वास्थ्य अमले ने अमानक पॉलिथीन व बिना लाइसेंस व्यवसाय करने पर की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

नगर निगम आयुक्त रजनीश कसेरा के निर्देश पर उपायुक्त जाकिर जाफरी के द्वारा 6 अगस्त बुधवार को निगम स्वास्थ्य अमले के साथ भगत सिंह मार्ग, तहसील चौराहा पर अमानक पालीथीन एवं बिना लाइसेंस व्यवसाय करने वाले व्यवसायियों के व्यवसाय पर सघन निरीक्षण कर कार्रवाई की गई। इस दौरान भारी मात्रा में अमानक पॉलिथीन को जब्त किया गया तथा संबंधित 10 दुकानदारो पर रूपये 11 हजार चालानी कार्यवाही कर अर्थ दण्ड वसूला गया। इस कार्यवाही के अन्तर्गत ही बिना लायसेंस के व्यापार कर रहे व्यवसायियों पर भी कड़ी कार्यवाही करते हुए चालान काटे गए। साथ ही व्यावसायिक प्रतिष्ठानों द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने पर भी निगम ने सख्त रवैया अपनाते हुए जुर्माने की कार्यवाही की। अमानक पालिथीन का उपयोग करने एवं बिना लायसेंस व्यवसाय करने वाले व्यवसाईयो पर कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी। कार्यवाही मे निगम स्वास्थ्य अधिकारी जितेन्द्र सिसोदिया, मुख्य निरीक्षक हेमन्त उबनारे, स्वच्छता निरीक्षक हरेन्द्रसिह ठाकुर, रवि गोयनार, ओमप्रकाश पथरोड, विजय सांगते, शंकर सांगते, संदीप सांगते, अनूप सांगते व निगम की टीम उपस्थित रही।



# महाकुंभ से लाए जल से महाकालेश्वर का अभिषेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

श्रावण मास के पावन अवसर पर जय श्री महाकाल सेवा समिति द्वारा 12वीं वर्षगांठ पर भव्य महा जलाभिषेक यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा देवास की धार्मिक चेतना का प्रतीक बनी रही, जिसमें श्रद्धालुओं ने उत्साह और भक्ति भाव से भाग लिया।

जयदेव सिंह पवार एवं पवनसिंह पंवार ने बताया कि इस वर्ष महा जलाभिषेक के लिए प्रयागराज महाकुंभ से लाया गया पवित्र जल बाबा महाकालेश्वर बिलावली के अभिषेक हेतु समर्पित किया गया। यात्रा का शुभारंभ प्रातः 9 बजे मोक्षदायिनी माँ क्षिप्रा के तट से वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ किया गया। श्रद्धालुओं ने भगवा वस्त्र धारण कर कांवड़ उठाई और भक्ति भाव से भरे जयघोषों के साथ यात्रा में भाग लिया। महिलाओं, बालिकाओं, बुजुर्गों और युवाओं की बड़ी संख्या इस धार्मिक यात्रा में शामिल रही। शिप्रा से शुरू हुई यात्रा एबी रोड होते हुए एमजी रोड से शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होकर बिलावली महाकाल मंदिर में समापन किया। रास्ते में विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं श्रद्धालुओं द्वारा पुष्पवर्षा और अल्पाहार से यात्रा का स्वागत किया गया। मंदिर पहुंचने के पश्चात बाबा महाकालेश्वर का पवित्र जल से जलाभिषेक कर महाआरती का आयोजन किया गया। इसके बाद सभी भक्तों के लिए महाप्रसादी का भी आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। यात्रा के दौरान स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा गया।




आयोजन समिति के मधुसूदन नागर, मुरलीधर पांचाल, अंतर सिंह गौड़, दिलीप सिंह पटेल, शांतिलाल तिवारी, राजेंद्र चौधरी, हुकुम सिंह ठाकुर, जितेंद्र फूलेरिया, जगदीश पटेल, राधेश्याम पांचाल, ईश्वर सिंह तोमर,पवन पांडे, कमल सिंह सोलंकी, मुकेश प्रजापति, संदीप सूर्यवंशी, मनीष मेहता, बहादुर सिंह नागर आदि ने श्रद्धालुओं, सहयोगियों और सेवाभावियों का हृदय से आभार व्यक्त किया, जिन्होंने प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से इस सफल आयोजन में योगदान दिया। उक्त जानकारी समिति के कपिल यादव ने दी।

### तहसीलदारों की हड़ताल के बाद जिले में राजस्व का कामकाज रहा ठप

# न्यायिक और गैर-न्यायिक कार्यों के बंटवारे को लेकर नाराजगी





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

मध्यप्रदेश में तहसीलदार और नायब तहसीलदारों ने बुधवार से प्रदेशव्यापी अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। राजस्व विभाग में न्यायिक और गैर-न्यायिक कार्यों के बंटवारे को लेकर नाराजगी जाहिर करते हुए अधिकारियों ने सामान्य शासकीय कार्यों से पूरी तरह दूरी बना ली है। हड़ताल का असर जिले में भी देखने को मिला। तहसीलदारों की हड़ताल के बाद जिले में राजस्व का कामकाज ठप रहा। जिले में तहसील कार्यालयों में राजस्व अधिकारियों के नहीं पहुंचने पर आमजन के काम प्रभावित हुए। बुधवार सुबह तहसीलदार भोपाल चौराहे से कलेक्टर कार्यालय तक पैदल मार्च कर पहुंचे और अपना विरोध दर्ज कराया। अधिकारियों ने शासकीय वाहन और डोंगल भी संबंधित विभाग को वापस सौंप दिए। आप को बता दें कि सरकार द्वारा किए गए कार्य विभाजन को लेकर अधिकारियों में असंतोष है। उनका कहना है कि यह निर्णय कार्य के स्वरूप और गरिमा के विपरीत है।

जिले में पदस्थ और मध्यप्रदेश राजस्व अधिकारी संघ के कार्यालय प्रभारी रवि शर्मा ने बताया कि संघ के आह्वान पर पूरे प्रदेश भर में हड़ताल की जा रही है। नायब तहसीलदार और कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की पोस्ट अलग की जा रही हैं। कई जगह पर इसकी आवश्यकता नहीं हैं। तहसील न्यायालयों को मर्ज किया जा रहा हैं। हमारी मांग हैं, कि जो पुरानी व्यवस्था शासन ने की थी, तहसील टप्पे बनाए गए थे उसी अनुसार व्यवस्था चलनी चाहिए। हमने अपनी मांग प्रिंसिपल सेकेट्री, राजस्व मंत्री सभी को दर्ज कराई हैं। सोमवार को अपनी विभिन्न मांगों को लेकर कलेक्टर ऋतुराज सिंह को भी ज्ञापन सौंपा गया हैं। इस दौरान तहसीलदार सपना शर्मा, रवि शर्मा, अरविंद शर्मा, गौरव निरंकारी, हर्षा वर्मा, सोनम भगत, नीरज प्रजापति, दीपिका पाव, ज्योति जाटव, अवधेश यादव आदि उपस्थित रहे। राजस्व अधिकारियों का कहना है कि पहले सरकार ने भरोसा दिलाया था कि काम को दो हिस्सों में नहीं बांटा जाएगा। लेकिन इसके उलट धार, भिंड, खरगौन, बालाघाट, मंदसौर, देवास, कटनी, मंडला और रीवा जिलों में यह योजना लागू कर दी गई। राजस्व न्यायालयों को मिलाकर बिना पूरी तैयारी के गैर-न्यायिक अधिकारियों को काम सौंपा गया। इस कारण नाराज होकर अधिकारियों ने 26 जुलाई 2025 को राजस्व मंत्री को ज्ञापन दिया था। मंत्री ने समस्याएं सुनकर जल्दी समाधान का आश्वासन दिया, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। इससे नाराज होकर अधिकारियों ने हड़ताल का फैसला लिया है। 3 अगस्त 2025 को 45 जिलों के अधिकारियों ने ऑनलाइन बैठक की और तय किया कि जब तक यह विभाजन पूरी तरह से वापस नहीं लिया जाता, वे केवल आपदा प्रबंधन से जुड़ा काम ही करेंगे। बाकी सभी कामों से वे दूर रहेंगे।

### सेवाओं पर पड़ेगा प्रभाव

राजस्व अधिकारियों की हड़ताल कें दौरान आम जनता को नामांतरण, बैटवारा, सीमांकन, फौती, ऋण पुस्तिका जैसी सेवाओं के लिए लंबा इंतजार करना पड़ सकता है। पटवारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित उच्च राजस्व अधिकारी के स्तर पर कार्य ठप रहेंगे। कोर्ट केस, ट्रांसफर ऑफ टाइटल जैसे काम लंबित होने की आशंका। शासन के राजस्व संग्रहण लक्ष्यों पर भी सीधा असर पड़ेगा। अधिकारियों ने बताया कि वह अवकाश नहीं लेगें, अपना कार्य इमांदारी से करेंगे।

# कारपेंटर ने विद्यालय को दिया एक दिन का वेतन



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

पीएम श्री शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल कमलापुर में 2011 बैच के पूर्व छात्र संदीप कारपेंटर ने अपने विद्यालय के विकास हेतु एक दिन का वेतन सहयोगस्वरूप प्रदान किया।

इस अवसर पर उन्होंने सभी विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि इस विद्यालय से शिक्षा प्राप्त करने वाले प्रत्येक छात्र को चाहिए कि वे अपने विद्यालय के विकास में किसी न किसी रूप में सहयोग दें।कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य अनन्त नागर ने संदीप कारपेंटर का परिचय देते हुए बताया कि विद्यार्थी जीवन में वे अत्यंत मेधावी और अनुशासित थे। यही कारण है कि आज वे सुगुना फ़ूड प्राइवेट लिमिटेड कंपनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) में डिप्टी मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने यह भी बताया कि संदीप ने यह सहयोग स्वेच्छा और प्रेरणा से दिया है, जो अन्य छात्रों के लिए अनुकरणीय है।विद्यालय की ओर से संदीप कारपेंटर का सम्मान करते हुए उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर स्टाफ सदस्य महेशचंद्र बिंजवा, रीना मंडलोई, अमृता रघुवंशी, उर्वशी तिवारी, इंदर सिंह लिलोरिया, मनोहर सिंह राजावत, शोभा दुबे सहित अनेक शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित थे। सभी ने संदीप के इस कदम की सराहना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं और इसे विद्यालय परिवार के लिए गौरव का क्षण बताया।

## खबर संक्षेप

### जमीनी विवाद में मारपीट कर धमकाया

**ललितपुर।** तालबेहट अंतर्गत ग्राम खांदी के मजरा गजौरा में रहने वाले सोनू अहिरवार पुत्र छोटेलाल ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि सोमवार को अपराह्न करीब 2 बजे वह मजरा में रहने वाले आदेश के मकान के सामने था, तभी जमीनी विवाद को लेकर मजरा के नीरज अहिरवार स्व.करन, मक्खन अहिरवार पत्नी स्व.करन, अंजनी पत्नी नीरज अहिरवार ने एकराय होकर लाठी-डण्डों व लात-घूसों से मारपीट कर दी। बचाव करने आयी पीड़ित की पत्नी कल्पना अहिरवार के साथ गालियां देते हुये मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### सब्जी का ठेला लगाने वाली महिला व बच्चों को पीटा

**ललितपुर।** कोतवाली अंतर्गत ग्राम मिर्चवारा में रहने वाली रेखा पत्नी स्व.प्रदीप अहिरवार ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि 3 अगस्त की शाम करीब 9 बजे अपने बच्चों के साथ घर में थी। तभी घर के सामने रहने वाले इन्द्रपाल पुत्र जन्थे, सचिन पुत्र इन्द्रपाल एकराय होकर आये और गालियां देने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने उसे जमीन पर गिराकर पीटा, जिससे उसके मुंह से खून आ गया। बचाव करने आयीं उसकी पुत्रियों व पुत्र के साथ भी मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी। महिला ने बताया कि वह गरीब महिला है और सब्जी इत्यादि का ठेला लगाकर अपना व परिवार का भरण-पोषण करती है। उक्त लोगों से उसे जानमाल का खतरा बना हुआ है।

### मंदिर से लौट रहे व्यक्ति को बाइक ने टक्कर मारी

**ललितपुर।** निकटवर्ती ग्राम रजवारा में रहने वाली लक्ष्मी रैकवार पत्नी शंकर ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 24 जुलाई की शाम करीब 7.30 बजे वह परिवार सहित श्रीहनुमान जी मंदिर से वापिस घर आ रही थी। वह अपने पति के साथ जैसे ही मछली मण्डी के पास पहुंचे, तभी बिरारी से ललितपुर आ रही मोटर साइकिल के चालक ने पति शंकर को जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में शंकर को सिर, आंखों के पास, जबड़ा, पैर, सीना व शरीर के अन्य भागों में चोटें आयीं हैं। इस घटना को उसने व उसके पुत्र महेश व रूपेश ने देखा। मौके पर काफी भीड़ एकत्रित हो गयी, जिस कारण चालक मौके का फायदा उठाते हुए गाड़ी छोड़कर भाग गया। घायल शंकर को उपचार के लिए एम्ब्युलेंस के जरिए जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां शंकर का उपचार चल रहा है। पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी।

### पच्चीस तक आवेदन करें

**ललितपुर।** ग्रामोद्योग अधिकारी वीरेन्द्र कुमार ने मण्डलीय ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केन्द्र कालपी-जालौन के पत्र का हवाला देते हुये बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में कौशल सुधार प्रशिक्षण सामान्य, एससीएसपी प्रशिक्षण में प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षित एवं स्वावलम्बी बनाने हेतु कौशल सुधार प्रशिक्षण सामान्य, एससीएसपी में इच्छुक प्रशिक्षार्थी आपना आवेदन बेवसाइड पर जाकर ऑनलाइन सेवायें के अन्तर्गत जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम सॉफ्टवेयर में अपना आवेदन 25 अगस्त तक ऑनलाइन करा सकते है।

### भाजपा ने बुंदेला के निधन पर की शोक सभा

**ललितपुर।** भारतीय जनता पार्टी की एक शोक सभा जिला कार्यालय पर आयोजित हुई । शोक सभा में जखौरा मण्डल के मण्डल उपाध्यक्ष इन्द्र पाल सिंह बुंदेला बसबां के निधन पर शोक व्यक्त किया गया एवं दो मिनट का मौन रख प्रार्थना की गई। इस अवसर जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत, कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष डा अनिल यादव,बरिष्ठ नेता अशोक गोस्वामी,बुन्देलखण्ड विकास बोर्ड के सदस्य प्रदीप चौबे, सहकारी बैंक अध्यक्ष रमेश कुमार सिंह लोधी एड, पूर्व अध्यक्ष हरीराम निरंजन, जिला महामंत्री बब्बू राजा बुन्देला, महेश श्रीवास्तव भैया, जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र गुरु, युवा मोर्चा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष गौरव गौतम, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष नीतेश संज्ञा, शशिशेखर पाण्डेय, सह मीडिया प्रभारी ध्रुव सिंह सिसौदिया आदि मौजूद रहे।

---

### लंबित चल रही शिकायतों का अगली सुनवाई तक निस्तारण कराने के दिए निर्देश

# शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरतने वाले अफसरों की जिम्मेदारी होगी तयः पटेल

### महिला जनसुनवाई के दौरान पीड़िताओं को त्वरित न्याय दिलाने हेतु अधिकारियों को निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

बुधवार को उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य अर्चना पटेल ने विकास भवन सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ महिला उत्पीड़न की घटनाओं की समीक्षा एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य में महिला जनसुनवाई की। उन्होंने महिलाओं की समस्याओं को एक-एक कर गंभीरतापूर्वक सुना और उपस्थित अधिकारियों को त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान एवं उप जिलाधिकारी अभीजीत सिंह ने सदस्या का बुके भेंट कर स्वागत किया। जनसुनवाई के दौरान अधिकारियों की कम उपस्थिति पर घोर नाराजगी जाहिर की और निर्देश दिये कि आगामी जनसुनवाई में यदि ये स्थिति देखी गई तो सम्बंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी।

मौके पर प्रार्थना पत्रों की समीक्षा में पाया गया कि कई शिकायतें विगत समय जनसुनवाईयों से लगातार लंबित चली आ रही हैं, जिनमें एक शिकायत स्वास्थ्य विभाग की थी, सदस्य ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि शिकायत का तत्काल निस्तारण कराकर अवगत करायें। उन्होंने यह भी कहा कि कई फरियादी दूरस्थ क्षेत्रों से आते हैं और अपनी पीड़ा बताते हैं, साथ ही कई फरियादी तो आने में भी सक्षम नहीं हैं, फोन पर ही अपनी समस्या बता पाते हैं। ऐसे व्यक्तियों की समस्या का यदि समाधान नहीं होता तो जनसुनवाई का कोई मतलब नहीं है। उन्होंने कहा कि उक्त शिकायतों का अगली सुनवाई से पूर्व निस्तारण हो जाना चाहिए अन्यथा आपकी कार्यशैली से सरकार को अवगत कराया जाएगा।



#### प्रार्थना पत्रों पर कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया

विगत जनसुनवाई में एक महिला फरियादी ने राशन कार्ड की मांग की थी, जिसे सदस्य के द्वारा राशनकार्ड प्रदान किया गया और फरियादियों को भरोसा दिलाया कि उनके द्वारा दिये गए प्रार्थना पत्रों पर अवश्य कार्यवाही होगी। जनसुनवाई के दौरान मुख्यतः पुलिस, घरेलू हिंसा, आवास, राशन व राजस्व सहित विभिन्न विभागों से सम्बंधित कुल 65 प्रार्थना पत्र आये। इसी दौरान ग्राम कल्यानपुरा से अनेकों महिलाएं राशन कार्ड की मांग को लेकर उपस्थित हुईं, जिनकी बात सुनते हुए सदस्य ने मौके पर उपस्थित जिला पूर्ति अधिकारी को सर्वे कराकर लाभार्थियों के राशन कार्ड बनवाने के निर्देश दिये।

#### जनचौपाल पर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी

जनचौपाल जनसुनवाई के बाद सदस्य ने महरौनी तहसील सभागार में जनचौपाल कर ग्रामीण क्षेत्र के गरीब, असहाय व जरुरतमंद व्यक्तियों की समस्याओं को सुना। उन्होंने सभी फरियादियों की शिकायतों का गंभीरतापूर्वक संज्ञान लेते हुए सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को निस्तारण हेतु निर्देशित किया। जनचौपाल के दौरान कुल 14 शिकायतें प्राप्त हुईं। इस अवसर पर बेगा जाति के लोगों ने सदस्य को जाति प्रमाण पत्र जारी कराने हेतु ज्ञापन सौंपा, जिस पर सदस्य ने मौके पर ही जिलाधिकारी से दूरभाष पर वार्ता कर प्रकरण में आवश्यक कार्यवाही कराने हेतु वार्ता की। यहां पर उप जिलाधिकारी महरौनी एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी नन्दलाल सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी नीरज सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी उमेश कुमार मिश्रा, महिला थाना अध्यक्ष स्वाती शुक्ला, अपना दल प्रदेश सचिव ज्वाला पटेल, प्रदेश सचिव कपूर पटेल, जिला महासचिव राजेन्द्र सिंह यादव, पूर्व जिला उपाध्यक्ष नन्दकिशोर राजपूत, महरौनी विधानसभा अध्यक्ष संतोष पटेल, जिला सचिव विवेक पटेल, जिलाध्यक्ष एससी/एसटी मंच अपनादल विक्रम अहिरवार, सोहर पटेल, प्रिंस पटेल, श्रेयांश, जितेन्द्र पटेल, पृथ्वीराज पटेल, रामबाबू बुनकर, आशाराम अहिरवार, बृजनन्दन सैनी, भागीरथ राजपूत, चन्द्रपाल सिंह राजपूत, कुसुम सहरिया, हरकुंवर सहरिया, पार्वती सहरिया, सिम्मा सहरिया, ठाकुरदास सहरिया, भगवत कुशवाहा आदि उपस्थित रहे।

#### अधिकारी आवेदन भरवाने की व्यवस्था कराएं

*उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि यदि कोई पात्र व्यक्ति योजनाओं के आवेदन करने में सक्षम नहीं हैं और बार-बार विभाग के चक्कर लगा रहे हैं तो मानवीय दृष्टिकोण रखते हुए विभागीय अधिकारी उनका आवेदन भरवाने की व्यवस्था करायें और उन्हें योजना का लाभ दिलायें। उन्होंने जनसमुदाय को सम्बोधित करते हुए कहा कि जिस प्रकार आपको अपना बेटा प्यारा होता है, उसी प्रकार अपनी बहु को भी बेटी के समान सम्मान दें और बहुएं भी अपने ससुराल को अपने माता-पिता का घर समझकर ही सबका सम्मान करें।*

---

### एलयूसीसी, सीबीआई से जांच की मांग



## जमा धनराशि को वापस दिलाने के लिए राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

ललितपुर।

द लोनी अर्बएफन मल्टी स्टेट क्रेडिट एण्ड थ्रिफ्ट को-ऑपरेटिव सोसायटी (एलयूसीसी) में जीवन भर की कमाई का निवेश करने के बाद निवेशकों के हाथ निराशा लगी। अब चूंकि एलयूसीसी के कारिंदे जेल में निरूद्ध हैं और करोड़ों रुपये डकारने वाली कम्पनी के सभी कार्यालय बंद हैं। ऐसे में निवेशकों को उनकी मेहनत की कमाई, जो कि उन्होंने एलयूसीसी में निवेश की थी, उसे वापस दिलाने की जद्दोजहद करनी पड़ रही है। बुधवार को निवेशकों ने भारी संख्या में कलेक्ट्रेट पहुंच कर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

इस दौरान निवेशकों ने देश की महामहिम राष्ट्रपति के अलावा केन्द्र व प्रदेश और जिला प्रशासन से जमा की गयी रकम को वापस दिलाये जाने व सीबीआई जांच की गुहार लगायी है। ज्ञापन में निवेशकों ने बताया कि आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए लोगों ने थोड़ा-थोड़ा करके धनराशि जमा की थी। जिससे लोगों को उम्मीद थी कि भविष्य में बच्चों की शिक्षा और विवाह जैसे कार्यों के लिए जमा किया जा रहा धन लाभकारी होगा। लेकिन एलयूसीसी के मुख्य सरगना समीर अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, मानवेन्द्र द्विवेदी, जितेन्द्र सिंह निरंजन, रविशंकर तिवारी, आलोक कुमार जैन, सुरेन्द्र पाल सिंह, द्वारिका प्रसाद, भरत वर्मा, अनुराग बंसल, शबाब रिजवी व उनके साथियों ने पांच साल में रुपये दोगुने करने का झांसा देकर लोगों की जमा धनराशि को हड़प कर लिया और अब निवेशकों के रुपये डूबने की कगार पर हैं।

#### धनराशि दिलाने की मांग जोर पकड़ रही

*बताया कि करीब 16 सौ करोड़ से अधिक की धनराशि लेकर उक्त सभी कार्यालय बंद हैं। हालांकि एलयूसीसी प्रकरण में ललितपुर पुलिस ने कम्पनी से जुड़े बड़े-बड़े लोगों पर एफआईआर दर्ज कर उन्हें पकड़कर जेल भेजने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। लेकिन अब निवेशकों की जमा धनराशि वापस दिलाये जाने की मांग जोर पकड़ रही है। ज्ञापन देते समय शारदा, बृजेश साहू, रघुवीर, बृजेन्द्र झां, संजय कुमार, कुंवरबाई, मीरा, प्रभा, गजेन्द्र सिंह, केशकली, सुनील, सतीश कुमार, चन्दन सिंह, मोहन, भागचंद, रमेश कुमार, हरपाल, सुरेश कुमार, आनंद कुमार, शिवा कुशवाहा, रामकिशन, सोबरन सिंह, नगमा बेगम, मु.समीर, मु.इरशाद, अब्दुल वसीम, शिवकुंवर, जसोदा, सुनील कुमार, संतोष कुमार, दीपक भास्कर, विशाल कुमार, विनोद कुमार, महेन्द्र, आजाद, सरोज, इमरत, प्रभात, रामकिशन, कैलाश नारायण, राजपाल, मुरलीधर, भजनलाल के अलावा अनेकों लोग मौजूद रहे।*

---

### पूर्व माध्यमिक विद्यालय पनारी में प्रतियोगिता का आयोजन

## बच्चों ने सड़क सुरक्षा दिवस पर बनाए चित्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

सड़क सुरक्षा दिवस को ग्राम पनारी स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विद्यालय में आयोजित वाद-विवाद, निबंध व चित्रकला प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया।

इसके अलावा सड़क सुरक्षा दिवस को लेकर कई नवाचार भी बच्चों द्वारा बताये गये। प्रतियोगिताओं में भाग लेकर विजयी रहे प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरुस्कार विद्यालय प्रबंधन की ओर से देकर पुरुस्कृत किया



गया। इस दौरान विद्यालय की ओर से मोहम्मद जाकिर ने सड़क सुरक्षा दिवस पर प्रकाश डालते हुये कहा कि सड़क दुर्घटना से बचाव करने के लिए सभी को यातायात नियमों का पालन करना अति आवश्यक है। कहा कि वाहन चलाते समय फोन पर बात न करें, तीन सवारियां न बैठायें और नशे की हालत में वाहन को कदापि न चलायें। साथ ही चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग आवश्यक रूप से करें। प्रधानाध्यापिका सीमा जैन ने कहा कि यातायात नियमों का पालन करने के साथ-साथ दूसरों को भी सड़क सुरक्षा दिवस को लेकर जागरूक करना होगा। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम सचिन विश्वकर्मा, द्वितीय राशि, तृतीया प्रवीण और चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर नरेंद्र, द्वितीय स्थान पर बेशना, तृतीय स्थान पर देव रहे। जबकि वाद विवाद प्रतियोगिता में जितेंद्र प्रथम स्थान पर, द्वितीय स्थान पर सोनाक्षी, तृतीय स्थान पर काजल रही।

---

### कलेक्ट्रेट पहुंच कर डीएम को किसानों ने सौंपा ज्ञापन

## अतिवर्षा से बर्बाद फसलों का किसानों ने मांगा मुआवजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

लगातार हुयी बारिश के कारण अतिवृष्टि से बर्बाद हुयी फसलों का मुआवजा दिलाये जाने की मांग को लेकर किसानों का आये दिन प्रदर्शन हो रहा है। किसान लगातार जिला प्रशासन से मुआवजा दिलाये जाने की मांग करते आ रहे है। आज तहसील सदर अंतर्गत ग्राम बम्हौरीकलां के किसानों ने लामबंद होकर कलेक्ट्रेट पहुंच कर जिलाधिकारी अमनदीप डुली को एक ज्ञापन सौंपा। किसानों ने डीएम को अवगत कराया कि गांव के गरीब किसान हैं।

यहां माह जून से लगातार मारी बारिश होने के कारण कोई भी फसलों उर्दा मूंग, सोयाबीन, मूंगफली व मक्का आदि की सारी फसल नष्ट हो गयी है तथा कुछ भी पैदा होने की उम्मीद नहीं है। उक्त भारी बारिश के कारण किसानी की माली हालत खराब हो गयी है और यह कर्ज की स्थिति में आ गये है। ऐसी स्थिति में फसल बीमा की राशि दिलाये जाने की मांग उठायी



है। ज्ञापन देते समय काशीराम, आशाराम, प्रकाश, अनूपा, अशोक कुमार, जयराम, गेंदालाल, मनोहर, अन्नू, मंगलसिंह, मुन्नालाल, सेंदपाल, नत्थू, दयाल, पप्पू, मुन्ना, धनसिंह, लालाराम, सरजू, कन्छेदी, लल्लू, गनेश, हरदास, सोमतिया, पचू, भदई, मुन्नालाल, संदीप, लालाराम, धनसिंह, लक्ष्मन, हरीराम, पप्पू, हीरा के अलावा अनेकों किसान मौजूद रहे।

#### इनका कहना है

*अतिवृष्टि से फसलों हुए नुकसान का आंकलन करने के लिए टीमें गठित कर दी गई है। रिपोर्ट आने पर शासन को भेजी जाएगी। फसल बीमा के अंतर्गत नियमानुसार फसल बीमा योजना का लाभ दिलाया जाएगा।*

---

## 19 अन्ना जानवरों को गो आश्रय स्थल में संरक्षित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

उपजिलाधिकारी सदर नव प्रशासक नगर पालिका परिषद, मनीष कुमार के निर्देशन में नगर में अन्ना जानवरों को संरक्षित किये जाने हेतु अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान टीमों द्वारा नगर के अलग-अलग स्थानों से 19 अन्ना जानवरों को मसौरा स्थित गौ आश्रय स्थल व दैलवारा स्थित कान्हा गौवंश आश्रय स्थल में संरक्षित किया गया।

इस दौरान गैरिज प्रभारी अमित कुमार रिंकू के साथ दो टीमों द्वारा शहर के स्टेशन तिराहा क्षेत्र एवं नेहरू नगर से लेकर जुगपुरा देवगढ़ मार्ग पर अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान टीम-1 द्वारा स्टेशन तिराहें एवं स्टेशन रोड से 7 गौवंशों



को पकड़क़र मसौरा स्थित गौवंश आश्रय स्थल में संरक्षित किया गया। वहीं टीम-2 द्वारा मोहल्ला जुगपुरा, नेहरू नगर एवं देवगढ़ रोड़ के पास से 12 गौवंशों को पकड़कर दैलवारा स्थित कान्हा गौवंश आश्रय स्थल में संरक्षित किया गया। इस दौरान उप जिलाधिकारी सदर प्रशासक नगर पालिका परिषद मनीष कुमार द्वारा समस्त पशु पालकों को निर्देशित किया कि समस्त पशु पालक अपने-अपने पशुओं को अपने घर पर ही रखे, उन्हें आवारा न छोड़े, सड़कों पर अन्ना जानवरों के विचरण के चलते दुर्घटनाएं घटित होती है वहीं राहगीरों को भी आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि यदि कोई भी गौवंश सड़कों पर आवारा पाया जाता है तो संबंधित पशु मालिक के विरूद्ध जुर्माना वसूलते हुए कार्रवाई अमल में लाई जाए। उन्होंने कर्मचारियों की बैठक लेते हुए निर्देश दिये कि वार्ड के समस्त मोहल्लों में टीमों व कर्मचारियों के माध्यम से समस्त पशु पालकों को घर पर ही जानवर संरक्षित किये जाने हेतु जागरूक करें। जानवरों को खुले में छोड़ा जाता है तो उन्हें चिन्हित कर जुर्माना की कार्रवाई की जाए ।

---

### रक्षाबंधन पर्व को दृष्टिगत रखते पुलिस का अभियान

## सुरक्षित यात्रा अभियान में वाहनों पर की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी यातायात राजेश श्रीवास्तव के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी यातायात आलोक कुमार तिवारी द्वारा आगमी त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए सुरक्षित यात्रा अभियान चलाया जा रहा है।

अभियान के क्रम में यातायात पुलिस द्वारा शहर के प्रमुख चौराहों/



तिराहों पर ड्रिंक एंड ड्राइव, बिना हेलमेट, दो पहिया वाहन पर तीन सवारी, बिना सीट बेल्ट, क्षमता से अधिक सावरी, स्टंटिंग आदि के प्रति आम जनमानस को जागरूक करते हुए प्रभावी प्रवर्तन की कार्यवाही की गई। प्रवर्तन कार्यवाही के अंतर्गत बिना हेलमेट के 36 चालान, 2 पहिया वाहन पर तीन सवारी 23 चालान, स्टंटिंग के 2 चालान, रिंक एंड ड्राइव के 3 चालान, बिना सीट बेल्ट के 11 चालान, क्षमता से अधिक सावरी के 5 चालान, मॉल वाहक वाहनों पर सवारी बैठाने के 2 चालान करते हुए अन्य एम वी एक्ट के उपबंधों के 37 चालान करते हुए कुल 119 वाहनों के चालान किए गए।

---

## ब्रह्मलीन संत दुलाराम कुलारिया की दसवीं पुण्यतिथि मनाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

निस्वार्थ सेवा भाव, गोसेवी और मानव सेवा में भारत की राष्ट्रपति प्रतिभा देवीसिंह पाटिल द्वारा सम्मानित, राज्य के सर्वोच्च सम्मान, राष्ट्रीय मुख्य चुनाव आयुक्त द्वारा राष्ट्रीय रत्न अवार्ड 2003, समाज द्वारा विश्वकर्मा रत्न अवार्ड से सम्मानित आदि अनेक सम्मानों से अलंकृत, संस्कृति के आदर्श, आध्यात्मिक और लोकाचारों के धनी, ब्रह्मलीन संत दुलारामजी कुलारिया की दसवीं पुण्य स्मृति में पंचरत्न विश्वकर्मा समाज और मार्निंग वॉक डैम ग्रुप ने संयुक्त रूप से वृक्षारोपण कार्यक्रम



व विचार गोष्ठी का आयोजन किया। गोष्ठी में संत के जीवन पर प्रकाश डाला गया। इस दौरान विजय डयोडिया, सौरभ यादव, जिला पंचायत सदस्य अमर विश्वकर्मा घुटारी, प्राचार्य डा.महेश झां, आचार्य लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा, प्रो. प्रसन्न विश्वकर्मा, अनूप ताम्रकार, मनोज झा, कैलाश नारायण झा, एड.सत्येंद्र विश्वकर्मा, प्रो.गंगाराम विश्वकर्मा मौजूद रहे।

---

### बच्चों में बढ़ती हुई हिंसा प्रवृत्ति कारण और निवारण विषय पर गोष्ठी हुई

## जैसा परिवेश, संस्कार मिलते उसी के अनुरूप बालक ढलता: सुडेले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

केपीएस पीजी कॉलेज ककरूआ, में बीएलएड संकाय द्वारा छात्र-छात्राओं के लिये विभाग प्रभारी निधि जैन के निर्देशन में बालकों में बढ़ती हुई हिंसक प्रवृत्ति कारण और निवारण' विषय पर एक हिन्दी निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बीएलएड के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ कॉलेज की डायरेक्टर डॉ० लतिका सुडेले, प्राचार्य डॉ० राजेन्द्र प्रकाश एवं आईक्यूएसी० प्रभारी प्रभांशु नगाइच ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन करके किया। डॉ लतिका सुडेले ने अपने सम्बोधन में कहा कि कोई भी बालक जन्मजात हिंसक प्रवृत्ति का नहीं होता है। उसे जैसा परिवेश और संस्कार मिलते हैं उसी के अनुरूप ढल जाता है।





इसलिये बालकों को अच्छी परवरिश एवं अच्छे संस्कार देना चाहिये। प्राचार्य डॉ० राजेन्द्र प्रकाश ने कहा कि बहुत से बालक अशिक्षा, गरीबी, बेरोजगारी एवं संसाधनों के अभाव में अपराधी एवं हिंसक प्रवृत्ति के हो जाते हैं, अतः उनके माता-पिता एवं अभिभावकों को उनकी हिंसक प्रवृत्ति का कारण ज्ञात करके उसे सही रास्ते पर लाने का प्रयास करना चाहिये एवं उचित मार्गदर्शन करना चाहिये।

#### बालकों को सोशल मीडिया एवं मोबाइल से दूर रखना चाहिए

*आईक्यूएसी० प्रभारी प्रभांशु नगाइच ने कहा कि अवयस्क बालकों को सोशल मीडिया एवं मोबाइल फोन से दूर रखना चाहिये। इसमें हिंसक कियाकलापों को देखकर बालक उसका अनुसरण करते हैं। क्योंकि उनमें सही और गलत में अन्तर समझने की परिपक्वता नहीं होती है। कॉलेज के प्राचार्य डॉ० राजेन्द्र प्रकाश ने छात्र-छात्राओं की प्रशंसा की। निर्णायक मण्डल की अध्यक्ष डॉ० लतिका सुडेले ने छात्र-छात्राओं द्वारा लिखे गये निबन्धों का तुलनात्मक अध्ययन करते हुये परिणाम घोषित किया जो कि निम्नवत है- प्रिया पंथ ने प्रथम, कामना ने द्वितीय एवं सुहानी रजक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता दीपक जैन ने किया और हिन्दी प्रवक्ता रानी पुरोहित ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में असि प्रो दिनेश श्रीवास्तव, दीपक जैन, भानूप्रताप सिंह, रानी देवी, छाया तिवारी, अनीता साहू, नेहा श्रीवास्तव, ज्योति रानी, आसिफ खान, पुष्पेन्द्र पुरोहित, केहर राही, निधि जैन, जगतराज, राजकुमार पटेल, पंकज पटैरिया, रवीन्द्र कुमार अभिषेक शुक्ला, अमित कुमार, नीलू, एचआर गौतम, मुबीन मंसूरी, अंकेश यादव, राजेन्द्र रजक, सक्षम त्रिपाठी, राहुल जैन, शशि श्रीवास्तव मनोज रजक, पुष्पेन्द्र, माता प्रसाद आदि मौजूद रहे।*

# मुख्यमंत्री के दौरे से आपूर्ति विभाग के अधिकारियों में हड़कंप, पांच हजार टन से ज्यादा राशन ढूंढ रहे

*अब पीओएस मशीनों के बचे राशन स्टॉक को खत्म करने क्षेत्र में दौड़े अधिकारी, नमक वितरण कर सुधार रहे वितरण प्रतिशत, पूर्व सीएम ने गरीबों के राशन में लापरवाही पर जिला आपूर्ति एवं खाद्य अधिकारी को किया था मंच से सस्पेंड*




प्रदेश भर में बंद हुई आपूर्ति विभाग की ऑफिशियल वेबसाइट, नए आवंटन का कर रहे इंतजार

जिले की राशन दुकानों से 20 करोड़ बाजार मूल्य का 5 हजार टन राशन किया गायब

सत्यापन के नाम पर अधिकारियों ने की अनियमितताएं, आपूर्ति विभाग के पास कोरोना के समय का डेटा उपलब्ध नहीं

आपूर्ति विभाग का खेल! अकेले ब्यावरा ब्लॉक से 6.73 करोड़ का 1672 टन राशन गायब

प्रदेश भर में बंद हुई आपूर्ति विभाग की ऑफिशियल वेबसाइट

जिले भर में 5 हजार टन से ज्यादा राशन पीओएस मशीनों से हटाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

जिले के खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा जिले भर की कई राशन दुकानों के भौतिक सत्यापन के नाम पर 5 हजार टन से ज्यादा राशन पीओएस मशीन से बिना किसी पूर्व रिकॉर्ड के हटा दिया गया है। हजारों टन राशन मशीनों से क्यों हटा और इतना राशन मशीनों में कैसे रह गया था इसका स्पष्ट जबाव संबंधित विभाग के मुखियाओं के पास नहीं है। हालात यह है कि ब्यावरा-राजगढ की कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी स्वाती वायकर इन बातों का आज तक उत्तर नहीं दे पाई वहीं जिला आपूर्ति अधिकारी अजीत सिंह भी गोलमोल जबाव देकर बचते रहे।

सत्यापन में हटाए गए राशन का आवंटन कब हुआ किस वेयरहाउस से यह माल रिलीज हुआ और किन हितग्राहियों को ध्यान में रखकर हजारों टन राशन दुकानों तक पहुंचा दिया गया । अकेले कोरोना के समय का कहकर अधिकारी इस भ्रष्टाचार को छुपा नहीं सकते । अधिकारियों पर दुकानदार से सांठ-गांठ के आरोप भी लगे है । जिले के कालीपीठ क्षेत्र में गरीबों को राशन न मिलने की एक शिकायत पर तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चैहान ने राजगढ की भरी सभा के दौरान ही संबंधित अधिकारियों का निलंबन किया था।

## तत्कालीन सीएम शिवराज सिंह ने मंच से की थी कार्रवाई

15 जनवरी 2022 में जिले के कालीपीठ क्षेत्र से गरीबों के राशन आवंटन में मिली शिकायत पर तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चैहान ने सभा के दौरान ही मंच से प्रभारी जिला आपूर्ति अधिकारी सुरेश वर्मा एवं फूड इंस्पेक्टर को तत्काल सस्पेंड किया था। इस तरह के निर्णय भ्रष्टाचार नियंत्रण के लिए जरूरी है अब देखना यह है कि हमारे प्रदेश के मुखिया अपने दौरे के दौरान गरीबों के राशन गटकने वालों पर कार्रवाई करते है या फिर अभयदान देते है।

## कई हितग्राहियों को तो 3 माह का नमक भी नहीं हो पाया नसीब

मुख्यमंत्री के जिले में आगमन से डरे हुए आपूर्ति विभाग के अधिकारियों के हाल बेहाल हो चुके है वह किसी भी तरह अपना रिकॉर्ड सही कर अनियमितताओं से पल्ला झाडना चाहते है और अपने आम को बचाना चाहते है इसी क्रम में 5 अगस्त को भी आपूर्ति विभाग के अधिकारियों ने दुकान नं 3204063 से 67 परिवारों को 194 किलो नमक का वितरण किया वहीं राशन दुकान 3204067 से 18 परिवारों को 18 किलो एवं 3204070 से 30 परिवारों को 30 किलों नकम का वितरण यह बताने के लिए काफी है कि जिले में शतप्रतिशत राशन वितरण दिखाने के लिए अधिकारी क्या नहीं कर रहे होंगे? इसमें विचारणीय विंदु यह है कि कई हितग्राहियों को तो 3माह का नमक भी नसीब नहीं हो पाया।

### लापरवाही के चलते नहीं बंटा 2 माह में शत-प्रतिशत राशन

कुछ राशन दुकानों का डाटा जो यह बताने के लिए काफी है कि खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के अधिकारियों ने जिले भर में 5 अगस्त को खानापूर्ति करने पोर्टेबिलिटि का मंत्र क्यों याद आया जबकि केंद्र सरकार ने जून जुलाई और अगस्त तीन महिने का आवंटन जून से पहले ही राशन दुकानदारों को उपलब्ध करवा दिया था फिर भी दो माह निकल जाने के बाद भी गरीब हितग्राही राशन के लिए परेशान हो रहे है और अधिकारी मौज कर रहे है। नीचे कुछ दुकानों के नंबर दिए गए है जिनसे समझा जा सकता है कि 5 अगस्त को ही इन दुकानों पर रखा स्टॉफ अधिकारीयों ने खत्म कराकर 100 प्रतिशत आवंटन बताने के लिए अपनी कमर कस ली है।

| दुकान नंबर | गेहूं | चावल |
|---|---|---|
| 3204060 | 131 | 13 |
| 3204061 | 00 | 678 |
| 3204062 | 00 | 118 |
| 3204063 | 800 | 6200 |
| 3204065 | 00 | 248 |
| 3204067 | 500 | 1563 |
| 3204068 | 3000 | 00 |
| 3204070 | 1000 | 1600 |

### इनका कहना है

पोर्टेबिलिटी होने के कारण हम यहां का राशन किसी ओर राशन दुकान पर बांट सकते है। परंतु 5 अगस्त पर वांटने की बात पर अधिकारी ने जबाव नहीं दिया।

**अजीत सिंह**, जिला आपूर्ति अधिकारी राजगढ़

### हितग्राहियों के हित को प्रशासन कर रहा नजरअंदाज

खाद्य एवं आपूर्ति विभाग लगातार अपनी गलती छुपाने में लगा हुआ है जिसमें जून माह से ही अलग-अलग आदेश जारी कर 3 माह का राशन हितग्राहियों को देने की बात कहते हुए जिला प्रशासन से आदेश जारी किए गए आखरी आदेश 31 जुलाई तक का आया जिसमें इन तीन माह के राशन लेने से बचे हुए हितग्राहियों को राशन लेने की बात कही गई परंतु परिणाम संतोषप्रद नही निकले और अगस्त में आज भी हितग्राही परेशान हो रहे है। ऐसे में विभाग के जिम्मेदारों की लापरवाही का अंदाजा लगाया जा सकता है ।

## सारंगपुर में हत्या का खुलासा

# लेन-देन को लेकर, पूर्व सदर के बेटे की हत्या, आरोपी गिरफ्तार



### 31 जुलाई को पुलिस थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट के बाद पुलिस जांच में जुटी थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



नगर के मंडाई मोहल्ले से 30 जुलाई की रात को लापता पूर्व अंजुमन सदर निजामुद्दीन शेख उर्फ सेठू बाबा के 43 वर्षीय बेटे सेफुद्दीन शेख की हत्या के मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। सोमवार शाम उसका शव शहर के पास एक नाले में झाड़ियों में दबा हुआ मिला, शव को पत्थर बांधकर छिपाने की कोशिश की गई थी। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया मामला पैसों के लेन-देन को लेकर हत्या का बताया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही एसपी अमित तोलानी रात में ही सारंगपुर पहुंचे और लाइन ऑर्डर कंट्रोल करते हुए चक्काजाम सहित अन्य स्थिति को नियंत्रित किया। एहतियातन चार थानों का बल और रिजर्व फोर्स तैनात किया गया था। स्थिति को देखते हुए मृतक का शव पीएम के लिए राजगढ़ भेजा गया, जहां से मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया।

### हत्या के आरोप में एक आरोपी हिरासत में

एसपी अमित तोलानी ने मंगलवार को प्रेस को जानकारी देते हुए बताया कि शव की पहचान के तुरंत बाद पुलिस ने घटनास्थल से जुटाए गए सबूतों और परिजनों से मिली जानकारी के आधार पर संदेही आरोपी श्याम पुष्पद को हिरासत में लिया है। आरोपी से पूछताछ जारी है पुलिस अन्य संभावित आरोपियों पर भी नजर बनाए हुए है। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह मामला पैसों के लेन-देन को लेकर उपजे विवाद का प्रतीत हो रहा है।

### गुमशुदगी से हत्या तक की कहानी


30 जुलाई की रात करीब 8 बजे सेफुद्दीन शेख यह कहकर घर से निकले थे कि "15 मिनट में आता हूं", लेकिन देर रात तक वापस न आने पर पिता ने उसकी तलाश शुरू की। 31 जुलाई को पुलिस थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। इसके बाद से पुलिस जांच में जुटी सोमवार को लापता व्यक्ति का शव मिला तो पूरा शहर स्तब्ध रह गया और विरोध में चक्काजाम कर विरोध दर्ज किया,

### अंजुमन कमेटी ने की आरोपी के मकान तोड़ने की मांग- सौंपा ज्ञापन

सारंगपुर में पूर्व सदर के बेटे की हत्या के मामले अंजुमन कमेटी ने मंगलवार सारंगपुर थाने एवं एसडीएम कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन दिया। अंजुमन सदर ने थाने में एडिशनल एसपी को ज्ञापन देकर आरोपी का घर तोड़ने की मांग की और कहा की इस घटना से मुस्लिम समाज में भय व्याप्त है। मंगलवार को हत्या के आरोपी श्याम पुष्पद के पकड़े जाने के बाद अंजुमन सदर एमए अलीम कुरैशी,मुस्लिम समाज के मौलाना साजिद कूरैशी,डॉ रफीक, हलीम कुरैशी और टीम के साथ थाने पहुंचे। जहां अतिरिक्त एसपी के.एल.बंजारे को ज्ञापन सौंपते हुए आरोपी को सख्त सजा व अवैध बना उसका घर तोड़ा जाए।

## सोशल मीडिया पर वायरल

# स्वास्थ्य विभाग का भर्ती संबंधी फर्जी पत्र वायरल, किया खंडन



**राजगढ़।** जिले के विभिन्न सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में एटीएस के पद पर सीधी संबंधी एक पत्र कुछ दिनों से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। नियुक्ति हेतु कक्षा दसवीं उत्तीर्ण योग्यता, वेतन, भत्ता आदि का जिक्र करते हुए आवेदन मांगे जा रहे हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल ने उक्त भर्ती संबंधी पत्र और खबर को पूरी तरह फर्जी बताते हुए विभागीय रूप से इसका खंडन जारी किया है। सीएमएचओ डॉ. पटेल ने प्रेसनोट जारी करते हुए कहा कि इस तरह की कोई भी भर्ती या नियुक्ति संबंधी सूचना स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी नहीं की गई है। विभाग युवाओं से अपील करता है कि इस तरह की फर्जी खबरों से गुमराह न हों और किसी के बहकावे में आकर कहीं भी आवेदन जमा न करें। इसके साथ ही किसी भी व्यक्ति को किसी भी तरह का शुल्क या राशि का भुगतान न किया जाए।

### विभाग ने जारी की एडवाइजरी

आजकल सोशल मीडिया पर कई ऐसे गिरोह काम कर रहे हैं जो फर्जी नियुक्ति करवाने का लुभावना ऑफर इत्यादि देकर लोगों को ठगने में लगे हुए हैं। विभाग द्वारा किसी भी जानकारी, सूचना अथवा विज्ञापन हेतु विभागीय वेबसाइट अथवा विश्वसनीय समाचार पत्रों के माध्यम से ही प्रसारित की जाती है। सीएमएचओ ने कहा कि यदि फिर भी कोई व्यक्ति अथवा वाट्सएप पर किसी के द्वारा कोई मेसेज प्रसारित किया जा रहा है तो तुरंत विभाग को सूचित करें।

## स्कॉर्पियो हादसे में थाना प्रभारी अनिल राहौरिया गंभीर रूप से घायल



**सारंगपुर** । सारंगपुर अनुभाग अंतर्गत लीमाचैहान थाना प्रभारी एसआई अनिल राहौरिया मंगलवार सुबह ड्यूटी के लिए सारंगपुर जा रहे थे, जब उनकी स्कॉर्पियो वाहन (एमपी 08 जेडएफ 3468) ग्रामीण क्षेत्र परसूलिया के पास हादसे का शिकार हो गई। सामने से आ रही मोटरसाइकिल को बचाने की कोशिश में वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में एसआई राहौरिया को सिर और सीने में गंभीर चोटें आईं। उन्हें तत्काल ब्यावरा के निदान ट्रॉमा एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने सिर में गंभीर चोट की पुष्टि की और बेहतर इलाज के लिए भोपाल रेफर कर दिया था।

## श्रृंगार के लिए उज्जैन के गुलाब

# खाटू श्याम मंदिर में पुत्रदा एकादशी पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी

**ब्यावरा।** श्री खाटू श्याम मंदिर में पुत्रदा एकादशी पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। मंदिर प्रबंधन ने बाबा का विशेष श्रृंगार गुलाब के फूलों से किया। इस अवसर पर मंदिर परिसर को विशेष रूप से सजाया गया। बाबा खाटू श्याम जी के श्रृंगार के लिए उज्जैन से 51 किलो गुलाब के फूल मंगवाए गए। गुलाब के अलावा श्रृंगार में पीतांबरी गेंदे के फूलों का भी उपयोग किया गया। सुबह की आरती से ही भक्तों का आना शुरू हो गया था। दोपहर और संध्या आरती में भी श्रद्धालुओं की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

शहर के अलावा आसपास के गांवों और जिले भर से लोग दर्शन के लिए पहुंचे। इस दिन करीब 80 हजार भक्तों ने बाबा के दर्शन किए। निशान यात्रा के दौरान कई भक्त उत्साह से नृत्य करते हुए मंदिर पहुंचे। इस मंदिर में हर एकादशी को श्रद्धालुओं की भीड़ जुटती है। जिले और आसपास के क्षेत्रों से हजारों भक्त दर्शन के लिए आते हैं।पुत्रदा



एकादशी पर्व हर साल सावन माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को मनाया जाता है। इस शुभ अवसर पर भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की भक्ति भाव से पूजा की जाती है। साथ ही उनके निमित्त एकादशी का व्रत रखा जाता है। इस व्रत को करने से साधक की मनोकामना पूरी होती है। एकादशी के अवसर पर कई गांवों से निशान यात्राएं ढोल और डीजे के साथ मंदिर पहुंचीं।

ग्रामीणों ने आस्थापूर्ण माहौल में बाबा श्री खाटू श्याम जी को निशान समर्पित किए। शहर के पिंजरा गली स्थित काली माता मंदिर से भी एक निशान यात्रा बाबा खाटू श्याम जी के मंदिर पहुंची।

## सरपंच-सचिव पर गांव में कार्य नहीं करवाने का लगाया आरोप

# पूरा गांव कीचड़ में तब्दील, स्कूल भी जर्जर जान जोखिम में डालकर पढ़ रहे विद्यार्थी

**खिलचीपुर।** सरपंच- सचिव के मनमानीपूर्ण रवैये के चलते राशि का दुरुपयोग किया जाता है वहीं अपने चहेते गांव में सीसी रोड, आवास, शौचालय आदि का निर्माण करवा दिया जाता है ओर अन्य गांव के लोग मूलभूत सुविधाओं से वंचित रह जाते हैं, ऐसा ही एक मामला जनपद खिलचीपुर के ग्राम पंचायत करकरी में देखने को मिला कि सरपंच- सचिव द्वारा अपने चहेते गांव में तो भरपूर विकास किया लेकिन मोतीपुरा ग्रामवासी आज भी कीचड़ में चलने को मजबूर है वहीं जर्जर बिल्डिंग में अपने बच्चों को जान जोखिम में डालकर पढ़ने को मजबूर हैं।

मोतीपुरा ग्राम वासियों की मूलभूत सुविधाओं की समस्या का हल बरसो बीत जाने पर नहीं हो सका, जबकि ग्रामीण जनों ने अपनी समस्या कई बार वरिष्ठ अधिकारियों तथा जिला कलेक्टर को आवेदन प्रस्तुत कर बताई लेकिन कोई हल नहीं निकला। ग्रामीण ने बताया कि सरपंच 10 वर्षों से है पिछले कार्यकाल में भी यही सरपंच थे लेकिन सरपंच ने 10 वर्षों में हमारे गांव में कोई विकास कार्य नहीं कराया है, हम कीचड़ में जीवन यापन करने को मजबूर है। हमारे गांव का स्कूल भी क्षतिग्रस्त है उस स्कूल में जान जोखिम में डालकर हमारे बच्चे पढ़ रहे हैं , कभी भी कोई हादसा हो सकता है। गांव में अभी भी कई कच्चे मकान है लेकिन सरपंच आवास नहीं देते जो उनकी सेवा करता है उन्हीं को आवास देते



हैं । ग्रामीणों ने सरपंच- सचिव पर भ्रष्टाचार करने का आरोप लगाते हुए कहा ग्राम पंचायत में ऐसे कई काम है जो कागजों में तो दिखते हैं लेकिन जमीनी हकीकत में मौजूद नहीं है ,यदि ठीक से जांच की जावे तो लाखों का भ्रष्टाचार उजागर होगा।

### इनका कहना है

मुरम , बोल्डर डराकर कीचड़ खत्म करवा देंगे, वही स्कूल मरम्मत की राशि आने पर स्कूल दुरुस्त कर देंगे। **मोहन लाल चैहान**, सरपंच ग्रापं करकरी।

## जिला अस्पताल के पूर्व प्रस्तावित दौरे के तहत पहुंची क्षेत्रीय संचालक डॉ. चौधरी

# पहले से थी खबर: अस्पताल निरीक्षण में चकपक मिली व्यवस्थाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

राजगढ़ जिला अस्पताल का हाल किसी से छिपा नहीं है। कभी स्टाफ द्वारा मरीजों के साथ बदसलूकी तो कभी अन्य तरह की अव्यवस्थाएं यहां अक्सर सामने आती रहती हैं। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग की क्षेत्रीय संचालक डॉ. मीरा चैधरी मंगलवार को जिला अस्पताल के निरीक्षण पर पहुंची। चूंकि, क्षेत्रीय संचालक डॉ. चैधरी का यह दौरा पूर्व से प्रस्तावित था, ऐसे में जिला अस्पताल की समस्त व्यवस्थाएं उन्हें पूरी तरह चाक-चैबंद ही नजर आईं। प्रत्येक वार्ड में साफ-सफाई सहित अन्य व्यवस्थाएं आम दिनों की अपेक्षा से काफी बेहतर कर दी गई थीं, ऐसे में जिला अस्पताल के निरीक्षण में किसी तरह की कोई खास कमी नजर नहीं आई।

क्षेत्रीय संचालक डॉ. चैधरी ने अस्पताल की विभिन्न ईकाईयों जैसे टीकाकरण, महिला वार्ड, प्रसूती वार्ड, मेटरनिटी विंग, सुमन हेल्प डेस्क, जननी सुरक्षा योजना भुगतान सहित एसएनसीयू का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मरीजों एवं उनके परिजनों से भी बातचीत करते हुए अस्पताल की सेवाओं के बारे में



जानकारी ली। उन्होंने सिविल सर्जन डॉ. नितिन पटेल से कहा कि अस्पताल में साफ-सफाई और मरीजों को बेहतर सुविधाएं मिलनी चाहिए।

### अनुकंपा संबंधी एक शिकायत पर भी की जांच

जिला अस्पताल में अनुकंपा नियुक्ति में गड़बड़ी संबंधी एक शिकायत की जांच भी क्षेत्रीय संचालक डॉ. चैधरी द्वारा की गई। इसके साथ ही कुछ अन्य विभागीय शिकायतों को लेकर भी उन्होंने जांच की है जिससे उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जाएगा।

**हर माह अनेकों प्रसूताएं की जा रही हैं रेफर:** राजगढ़ जिला अस्पताल की प्रसूती विंग से हर माह अनेकों प्रसूताओं को छोटी-मोटी समस्याओं को क्रिटिकल केस बताते हुए भोपाल या अन्य शहरों में रेफर किया जा रहा है। जबकि, दूसरे अस्पतालों में पहुंचने पर उन्हीं प्रसूताओं की सामान्य डिलेवरी हो जाया करती हैं। इन सब बातों पर बगैर गौर किए क्षेत्रीय संचालक जब गर्भवति महिलाओं के वार्ड में पहुंची तो उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देश प्रसारित किए कि गर्भवति महिलाओं की देखभाल में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने मातृ एवं शिशु मृत्यु दर कम करने के लिए भी आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए।

### अपने स्तर से खरीद ली जाएं दवाइयां

जिला अस्पताल के सरदार वल्लभ भाई पटेल औषधी केंद्र पर कई दवाईयों की कमी बनी हुई है। ऐसे में क्षेत्रीय संचालक डॉ. चैधरी ने सिविल सर्जन को निर्देशित किया कि आवश्यक दवाईयां अपने स्तर से खरीद ली जाएं। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल, डीएचओ-1 डॉ. राजीव हरिऔध, जिला महामारी नियंत्रक डॉ. महेंद्र पाल सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

## सब्जी मंडी में गंदगी का साम्राज्य



**जीरापुर।** नगर के मध्य स्थित पुरानी कृषि उपज मंडी में संचालित सब्जी मंडी में गंदगी का साम्राज्य छाया हुआ है। सब्जी मंडी के पूर्व और दक्षिण हिस्से तथा पश्चिमी हिस्से में सब्जी मंडी से निकलने वाले सड़े-गले फल एवं सब्जियां डाली जाती है जो गंदगी एवं बदबू से सरोबार होकर नगर की स्वच्छता पर प्रश्न चिन्ह बना हुआ है। जानकारी के मुताबिक विगत कई वर्षों से पुरानी कृषि उपज मंडी में प्रातः बड़े रूप में सब्जी मंडी का संचालन हो रहा है, जहां पर बड़ी संख्या में सब्जी एवं फल फ्रूट का क्रय -विक्रय होता है , इसको लेकर कृषि उपज मंडी द्वारा टेक्स भी वसूला जाता है । लेकिन सब्जी मंडी की स्वच्छता पर कृषि उपज मंडी एवं नगर परिषद का कोई ध्यान नहीं , बहरहाल स्थिति यह बनी हुई है कि जहां पर कचरा-कूड़ा ,सड़े-गले फल पड़े हैं वहां पर खड़ा होना भी मुश्किल होता है।दूसरी और अक्सर ध्यान दिया जाए तो स्वच्छता के नाम पर नवीन प्रयास करके शहरों, नगरों एवं गांव को स्वच्छता मिशन के रूप में नंबर वन बनाने की होड़ मची हुई जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण मध्य प्रदेश का इंदौर जिला जो लगातार स्वच्छता में नंबर वन पर आ रहा है ओर यदि नगर में देखें तो कई ऐसे स्थान है जहां पर कूड़ा कचरा पड़ा रहता है।